राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषिप्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर, दूरभाष : 0141–2552796

क्रमांक : प.24(4)/RSSMSSB/DS/MISC/2017–18/ ९५७ दिनांकः 25/06/19

आवश्यक सूचना

प्रायः यह देखा गया है कि विभिन्न परीक्षाओं के विद्यार्थी अनावश्यक रूप से दबाब बनाने के लिए बोर्ड कार्यालय में धरना/प्रदर्शन इत्यादि करते हैं तथा कई बार रास्ता रोकने इत्यादि के कृत्य भी करते हैं। उक्त गतिविधियों से बोर्ड के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है तथा कर्मचारियों के कार्य पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। अतः इस प्रकार की गतिविधियां प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से राजकार्य में बाधा की श्रेणी में आती है, बोर्ड कार्यालय पर इनकी निरन्तर विडियोग्राफी होती है।

वर्तमान में इस विडियोग्राफी का उपयोग बोर्ड द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से किया जाता है किन्तु अभ्यर्थियों के इस व्यवहार में परिवर्तन नहीं होने पर इसका उपयोग उनके विरूद्ध विभिन्न भर्तियों में अभिशंषा भेजते समय किया जा सकता है। जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है। साथ ही इस संबंध में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने की कार्यवाही भी बोर्ड द्वारा की जा सकती है।

अतः बोर्ड प्रशासन की सभी परिक्षाओं के अभ्यर्थियों से अपील है कि वे इस प्रकार के प्रदर्शन/गतिविधियों का हिस्सा न बनें।

25/6/19

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव